

# हादसों को आमंत्रण दे रहे एनएच-39 में आवारा मवेशी

## सीधी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग के सोनवर्षा टोल प्लाजा के पास आवारा मवेशियों के झुंड से वाहन चालक परेशान

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। एनएच-39 में आवारा मवेशी हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। सीधी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग के सोनवर्षा टोल प्लाजा के पास आवारा मवेशियों के झुंड से वाहन चालक परेशान हैं।**

जिला मुख्यालय के समीपी सोनवर्षा टोल प्लाजा के सामने से आये एक वीडियो से टोल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। वीडियो में टोल प्लाजा के आसपास और वाहनों की आवाजाही वाले मार्ग पर आवारा मवेशी खुलेआम घूमते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही भी जारी है। सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी के कारण किसी भी समय गंभीर सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा से प्रतिदिन



बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क पर अचानक मवेशियों के आ जाने से वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ सकता है जिससे पीछे चल रहे वाहनों के आपस में टकराने का खतरा भी बना रहता है। खासकर रात के समय कम दृश्यता के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। सामने आए वीडियो में टोल प्लाजा के समीप मवेशियों की मौजूदगी साफ दिखाई दे रही है।

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि टोल क्षेत्र में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। टोल प्लाजा के आसपास यदि आवारा मवेशियों की आवाजाही लगातार बनी रहती है तो यह वाहन चालकों के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग और टोल प्रबंधन से मांग की है कि टोल प्लाजा क्षेत्र का निरीक्षण कर आवारा मवेशियों को हटाने तथा उनकी दोबारा सड़क पर पहुंचने की स्थिति को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए।

### टोल प्लाजा परिसर में पर्याप्त प्रकाश का अभाव

टोल प्लाजा परिसर में रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं ताकि किसी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। अब वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि टोल प्लाजा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने वाले जिम्मेदारों द्वारा नियमित निगरानी क्यों नहीं की जा रही है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### इनका कहना है

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के सोनवर्षा टोल प्लाजा परिसर में यदि आवारा मवेशियों का डेरा जमा हुआ है तो यह निश्चित ही बड़ी लापरवाही है। इस पर एनएच के जिम्मेदार अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिये।

बी .पी .पाण्डेय, एडीएम सीधी

# श्रावण सोमवार आज, शिव मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## इस वर्ष सावन मास में होंगे चार सोमवार

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। भगवान शिव जी को समर्पित सावन माह का प्रथम सोमवार 3 अगस्त को है। सावन के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमडना शुरू हो जाएगी। इस बार सावन में 4 सोमवार होंगे। जिस कारण यह महीना और शुभ हो रहा है।**

शिव मंदिर बढ़ौरा एवं नीलकंठ मौहार मंदिर में शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ेगी। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढ़ौरा में श्रावण मास के पहले सोमवार को जिले भर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। शिव भक्त पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक करेंगे। लगभग 4 बजे भोर से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाएगी। हजारों श्रद्धालु बढ़ौरा शिव मंदिर में आज सावन के पहले सोमवार पर पहुंचेंगे। बढ़ौरा शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को



लेकर पुलिस बल शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहेगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन सावन मास में प्रसिद्ध मंदिरों में मौजूद रहेगी। शिव मंदिर प्रांगण में नारियल एवं चुनरी की सजी दुकानों में जमकर नारियल चुनरी की बिक्री होगी। वहीं प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर खरीददारी से व्यापारियों के चेहरे पर सावन मास में खुशी दिखने लगी है। बढ़ौरा शिव मंदिर में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर नजर रखी जाएगी। भीड़ के दौरान बढ़ौरा मंदिर के पहले ही वाहनों को रोंक दिए जाएंगे ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अव्यवस्था ना फैले। श्रावण मास के शुभारंभ से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी है। इसी तरह नीलकंठ मौहार मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता सावन सोमवार के साथ पूरे महीने लगा रहेगा। सावन के महीने में बढ़ौरा एवं नीलकंठ मंदिर परिसर में मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें श्रावण मास में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंचेंगे। श्रावण सोमवार को यहां के मेलों में लोगों की संख्या काफी बढ़ जाती है। इसी वजह से व्यवसायी भी सोमवार के दिन सबसे ज्यादा संख्या में दुकानें सजाने के लिए पहुंचते हैं। श्रावण मास में सीधी जिले में बढ़ौरा शिव मंदिर एवं मौहार नीलकंठ मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ हर वर्ष उमड़ती है।

# चुरहट में अघोषित बिजली कटौती भारी बिलों से जनता परेशान : अजय

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चुरहट विधायक अजय सिंह ने अपने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती और मनमाने बिजली बिलों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने सरकार और बिजली विभाग से मांग की है कि कटौती तुरंत बंद की जाए और किसानों को वास्तविक खपत के आधार पर सही बिल दिए जाएं।**

अजय सिंह ने कहा कि चुरहट के ग्रामीण इलाकों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं। पिछले कुछ महीनों से गरीब और मध्यम वर्गीय किसानों को हजारों रुपये के भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। इस समय खेतों में धान की रोपाई का काम चल रहा है,



जिसके लिए किसानों को बिजली की सख्त जरूरत है। ऐसे समय में मनमाने ढंग से बिजली काटना पूरी तरह गलत है। चुरहट विधायक श्री सिंह ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने बिजली की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया और गरीब ग्रामीणों को परेशान करना बंद नहीं किया तो वे चुप नहीं बैठेंगे और आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# उन्नत कृषि यंत्रों अनुदान के लिए के लिए आवेदन 4 तक

**सीधी 2 अगस्त।** जिले के किसानों के लिए उन्नत कृषि यंत्रों की खरीद पर शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने कृषकों से समयसीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस चरण में हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, क्लीनर कम ग्रेडर, सीड ट्रीटिंग ड्रम तथा जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदक के नाम की भूमि की बी-1 प्रति, बैंक पासबुक, ट्रैक्टर की आरसी, अजा एवं अजजा वर्ग के किसानों के लिए जाति प्रमाण.पत्र तथा डिमांड ड्राफ्ट आवश्यक होगा।

# व्यापारियों की एकता ही है संगठन की सबसे बड़ी शक्ति : सतीश सुखेजा

## व्यापारी संघ मध्यप्रदेश की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल सम्मेलन आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। व्यापारी संघ मध्यप्रदेश जिला सीधी द्वारा स्थानीय गंगोत्री रिसॉर्ट में जिला कार्यकारिणी एवं मंडल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स सतना के अध्यक्ष सतीश सुखेजा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला व्यापारी संघ सीधी के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने की।**

सम्मेलन में रीवा संभाग के विभिन्न जिलों से आए व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। विशिष्ट अतिथियों में व्यापारी संघ ब्यौहारी के अध्यक्ष राजन गुप्ता, मऊगंज के अध्यक्ष छेदीलाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल सतना, मनीष गुप्ता रीवा, राजेन्द्र गुप्ता ब्यौहारी, रमेश कुमार गुप्ता रीवा, हरिओम गुप्ता सतना तथा सुमित कुमार गुप्ता रीवा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सतीश सुखेजा ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में जिला व्यापारी संघ सीधी को जब भी आवश्यकता होगी, विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स सतना हर संभव सहयोग के लिए सदैव साथ खड़ा रहेगा। मीडिया प्रभारी दयाशंकर वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में कन्हैया सिंह, विनोद मिश्रा, हल्के सोनी, अखिलेश सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में संगठन को मजबूत बनाने, व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

### जिले को संभाग से मजबूत संगठनात्मक रूप से है जोड़ना : लालचंद

जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने संगठन की संरचना की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 23 मंडलों का गठन किया गया है। प्रत्येक मंडल में 31 सदस्यीय कार्यकारिणी बनाई गई है। नगर एवं जिला कार्यकारिणी को मिलाकर कुल 61 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी गठित की गई है। इस प्रकार पूरे जिले में संगठन के 774 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य सीधी जिले को पूरे रीवा संभाग से मजबूत संगठनात्मक रूप से जोड़ना है ताकि किसी भी जिले में व्यापारियों के हितों से जुड़ी समस्या आने पर पूरा संभाग एकजुट होकर आवाज बुलंद कर सके।

# 85 विद्यालयों के शिक्षकों को मिला जीवन कौशल प्रशिक्षण

## शिक्षकों को जीवन कौशल शिक्षा के महत्व से अवगत कराना प्रशिक्षण का उद्देश्य




नवभारत न्यूज

**कुसमी 2 अगस्त। विकासखंड कुसमी में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड कुसमी के 85 विद्यालयों के शिक्षकों ने सहभागिता की।**

प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशल शिक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल विकसित करने की समझ प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पीएम श्री टमसार एवं एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के प्राचार्य रामपाल सिंह तथा सीएसी रामकृष्ण पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने शिक्षकों को जीवन कौशल शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया तथा विद्यालयों में इसकी प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर प्रवीण शुक्ला एवं सक्षम ब्लॉक मैनेजर अरुण कुमार झरबड़े द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों, खेलों, चर्चा एवं समूह कार्यों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल, सहयोग, निर्णय लेने की क्षमता तथा समस्या समाधान जैसे जीवन कौशल विकसित किए जा सकते हैं। सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की और विद्यालयों में जीवन कौशल आधारित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

# 4 को कुसमी और 11 को सिहावल में आयोजित होगी उपखंड स्तरीय जनसुनवाई



नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जनसुनवाई व्यवस्था का विस्तार विकासखंड स्तर तक करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब उपखंड स्तर पर भी नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें कलेक्टर स्वयं उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे।**

जारी आदेश में बताया गया है कि म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के 30 जून 2026 के निर्देशों के अनुरूप सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूत करने के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला पंचायत स्वराज भवन के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। अब इसी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए विकासखंड स्तर पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 अगस्त को जनपद सभागार कुसमी तथा 11 अगस्त मंगलवार को जनपद सभागार सिहावल में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित होगी। इन जनसुनवाई कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्र के समस्त खंड स्तरीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे ताकि प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

# प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम से समितियों को मिली नई ऊर्जा

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा ग्राम स्तर पर जनभागीदारी आधारित विकास को सशक्त बनाने की दिशा में विकासखण्ड सीधी की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार सीधी में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**




प्रशिक्षण में समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सामाजिक नेतृत्व, संगठनात्मक प्रबंधन, कृषि, नशा मुक्ति, दस्तावेजीकरण एवं वित्तीय अनुशासन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। कृषि वैज्ञानिक एस.एस.गौतम ने उन्नत कृषि तकनीकों, धान, दलहन एवं सब्जी फसलों की वैज्ञानिक खेती, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कृषि को अधिक लाभकारी बनाने का आह्वान किया। जमोड़ी थाना के एएसआई गोविंद लाल ने नशा मुक्ति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार एवं समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने तथा ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया। जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की मजबूत सामाजिक इकाई हैं। जनभागीदारी, स्वैच्छिक सेवा और सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से ही आत्मनिर्भर एवं जागरूक ग्रामों का निर्माण संभव है। नियमित बैठकें, सामाजिक गतिविधियां तथा जनहित के कार्य समितियों की प्रभावशीलता को नई पहचान देते हैं। विकासखण्ड समन्वयक अनिल पाठक ने स्वैच्छिकता, स्वावलंबन एवं दस्तावेजीकरण पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि पारदर्शी कार्यप्रणाली और सुव्यवस्थित अभिलेख किसी भी संस्था की विश्वसनीयता का आधार होते हैं। समिति की प्रत्येक गतिविधि का नियमित एवं व्यवस्थित दस्तावेजीकरण उसकी पहचान और भविष्य की उपलब्धियों का प्रमाण बनता है। रामजी तिवारी ने रोकड़ बही संधारण, आय-व्यय लेखांकन, वित्तीय अनुशासन तथा अभिलेख प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी दी।



# जल संसाधन विभाग के एसडीओ हुए सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त।** जल संसाधन विभाग के एसडीओ हरिशंकर गुप्ता ने अपने सेवानिवृत्त होने पर उपस्थित सभी अतिथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 38 वर्ष की निर्दाग सेवा में अधिकारियों एवं सहायको के बीच आपसी सहमति बनाते हुए म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ राज्य में कार्य किया साथ ही अपने व्यस्ततम समय में अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं उच्च शिक्षा अध्ययन करा कर 2 बेटी को डाक्टर एवं बेटे को इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर कस्टम विभाग में निरीक्षक पद पर इन्दौर में सेवारत हैं। ज्ञातव्य होवे कि सेवानिवृत्त होने पर सीधी के उसके निजी अमित भवन में सरप्राइज समारोह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज गुप्ता एवं बहू इंजीनियर श्रीमती खुशबू गुप्ता जो टीसीएस कम्पनी में असिस्टेंट कंसलटेंट इंदौर में रहते हुए आनलाइन एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सभी आवश्यक कार्यवाही करते हुए सराहनीय कार्य किया। विदाई समारोह में श्री गुप्ता कई रिश्तेदार परिवार सहित सम्मिलित हुए।

# नेबूहा से नेपाल तक पहुंची ग्रेनाइट की पहचान, 6 हजार पौधों का संकल्प

## सिद्धिदात्री मिनरल्स ने लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 मरीजों की जांच

नवभारत न्यूज

**मझौली 2 अगस्त। जिले के मझौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेबूहा स्थित सिद्धिदात्री मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को वृहद वृक्षारोपण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।**

इस कार्यक्रम में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि तथा धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कलेक्टर विकास मिश्रा, एसडीएम संजीव पाण्डेय, तहसीलदार दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। कम्पनी के डायरेक्टर पुष्पराज सिंह और प्रतीक सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डायरेक्टर पुष्पराज सिंह ने बताया कि कम्पनी ने वर्ष 2015 में यहां कार्य प्रारंभ किया और 2019 से ग्रेनाइट खनन के क्षेत्र में सक्रिय है। वर्ष 2025 में अत्याधुनिक ग्रेनाइट कटिंग एवं पॉलिशिंग यूनिट की स्थापना के



बाद सीधी के अलावा छतरपुर, पन्ना, सिंगरौली और छत्तीसगढ़ से भी ग्रेनाइट लाकर प्रोसेसिंग की जा रही है। अब तक लगभग 230 घनमीटर ग्रेनाइट का खनन किया जा चुका है और कम्पनी के माध्यम से सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि नेबूहा का ग्रेनाइट अब नेपाल तक पहुंच चुका है। पर्यावरण संरक्षण के तहत 6 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में करीब 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श देने के साथ आवश्यक दवाइयां भी वितरित कीं। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कम्पनी ने 320 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, 100 लोगों को छाते, 120 परिवारों को मच्छरदानियां तथा 10 यूपीएससी अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षा किट प्रदान की। साथ ही 10 मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का संपूर्ण खर्च वहन करने की घोषणा भी की।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कम्पनी के प्लांट का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया। उन्होंने उपचार कराने पहुंचे लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के.के.तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लवकेश सिंह, जिपं सदस्य कृष्णलाल पयासी छोटू, नायब तहसीलदार मनोज तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न तिवारी ने किया, जबकि सुरक्षा व्यवस्था थाना प्रभारी विशाल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने संभाली।

### क्षेत्र को विकास और रोजगार का नया आधार : डॉ.राजेश

सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि नेबूहा की धरती ने क्षेत्र को विकास और रोजगार का नया आधार दिया है। उन्होंने कम्पनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों की मेहनत और पत्थरों की सही पहचान ने आज इस उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### नेबूहा का ग्रेनाइट बनेगा प्रदेश की पहचान : टेकाम

धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि नेबूहा की धरती का ग्रेनाइट प्रदेश की नई पहचान बनेगा और इससे क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। उन्होंने जिले में बनने वाले शासकीय भवनों में स्थानीय स्तर पर तैयार ग्रेनाइट एवं टाइल्स के उपयोग को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने पुष्पराज सिंह को विंध्य का पत्थर तराशने वाला शिल्पी बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।